# यूपीआई लेन-देन 7.7 खरब के पार

नई दिल्ली | हिन्दुस्तान ब्यूरो

त्योहारी खरीद करने के लिए एकीकृत भुगतान इंटरफेस (यूपीआई) से लेन-देन ने पिछले रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, अक्तूबर में पहली बार 7.7 लाख करोड़ (मूल्य के हिसाब से 100 अरब डॉलर से अधिक) के पार लेन-देन हुआ। त्योहारी सीजन के कारण ई-कॉमर्स से जोरदार खरीदारी ने लेन-देन में उछाल लाने का काम किया है। इसके चलते यूपीआई से अक्तूबर महीने में कुल 4.2 अरब बार ट्रांजैक्शन हुए।

## अक्तूबर में 15% का इजाफा

महीने के आधार पर, यूपीआई ने अक्तूबर में लेनदेन की संख्या में 15 प्रतिशत और लेनदेन के मूल्य में 18 .5 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की। ।

सितंबर महीने में एनपीसीआई ने 3.65 अरब यूपीआई लेनदेन के माध्यम से 6.54 लाख करोड़ रुपये का डिजिटल भुगतान दर्ज किया। वर्तमान में, फोनपे, गूगल पे और पेटीएम डिजिटल भुगतान के क्षेत्र में अग्रणी हैं। फोनपे ने सितंबर में 3.06 लाख करोड़ रुपये और गूगल पे ने 2.5 लाख करोड़ रुपये के डिजिटल लेनदेन रजिस्टर किए।